हनुमान तेरी महिमा सारे जग ने जानी है लिरिक्स

हनुमान तेरी महिमा,
सारे जग ने जानी है,
बजरंग तेरी भक्ति,
श्री राम ने पहचानी है।bd।

फल समझकर सूरज को,
तुम उसको निगल जाते हो,
बचपन में ही लीला,
ऐसी तुम दिखाते हो,
हनुमान तेरी महीमा,
सारे जग ने जानी है।bd।

पल में संकट हरते,
संकट मोचन कहलाते हो,
पवन वेग से उड़कर,
संजीवनी ले आते हो,
हनुमान तेरी महीमा,
सारे जग ने जानी है।bd।

रावण की लंका जाकर,
लंका तुम जलाते हो,
राम नाम का डंका,
लंका में बजाते हो,
हनुमान तेरी महीमा,
सारे जग ने जानी है।bd।

राम की शरण में रहते हो,
राम भक्त कहलाते हो,
राम की भक्ति में डूबे,
राम की महिमा गाते हो,
हनुमान तेरी महीमा,
सारे जग ने जानी है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सियाराम बसे है मन में,
ये दुनिया को बताते हो,
सुनकर ताना विभीषण का,
तुम सिना फाड़ दिखते हो,
हनुमान तेरी महीमा,
सारे जग ने जानी है।bd।

हनुमान तेरी महिमा,
सारे जग ने जानी है,
बजरंग तेरी भक्ति,
श्री राम ने पहचानी है।bd।

By – Priyanjay Ke Shyam Bhajan

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com